# देहरादून पब्लिक स्कूल
# अभ्यास कार्य (2023–24)
# विषय– हिन्दी 'बी' (085)
# कक्षा – IX

## स्पर्श – गद्य खण्ड

पाठ–धूल

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

शरीर और मिट्टी को लेकर संसार की असारता पर बहुत कुछ कहा जा सकता है परंतु यह भी ध्यान देने की बात है कि जितने सारतत्व जीवन के लिए अनिवार्य है, वे सब मिट्टी से ही मिलते हैं। जिन फूलों को हम अपनी प्रिय–वस्तुओं का उपमान बनाते हैं, वे सब मिट्टी की ही उपज हैं। रूप, रस, गंध, स्पर्श–इन्हें कौन संभव करता है? माना कि मिट्टी और धूल में अंतर है, लेकिन उतना ही, जितना शब्द और रस में, देह और प्राण में, चाँद और चाँदनी में। मिट्टी की आभा का नाम धूल है और मिट्टी के रंग–रूप की पहचान उसकी धूल से ही होती है।

i. शरीर और मिट्टी को लेकर किस पर बहुत कुछ कहा जा सकता है?

क. संसार की सुंदरता पर  ख. संसार के महत्व पर

ग. संसार की असारता पर  घ. संसार के सारतत्व पर

ii. जीवन के लिए अनिवार्य सारतत्व कहाँ से मिलते हैं?

क. जल से  ख. मिट्टी से

ग. वनस्पति से  घ. अग्नि से

iii. अपनी प्रिय –वस्तुओं का उपमान हम किसे बनाते हैं?

क. पक्षियों को  ख. वृक्षों को

ग. फूलों को  घ. तारों को

iv. मिट्टी और धूल में कितना अंतर है?

क. जितना शब्द और रस में  ख. जितना देह और प्राण में

ग. जितना चाँद और चाँदनी में  घ. ये सभी

v. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) मिट्टी की आभा का नाम धूल है।

कारण (R) जितने सारतत्व जीवन के लिए अनिवार्य हैं, वे सब मिट्टी से ही मिलते हैं।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. हीरे के प्रेमी उसे किस रूप में पसंद करते हैं?

क. तराशा हुआ, साफ सुथरा  ख. गंदा

ग. अँगूठी में डला हुआ  घ. हार में डला हुआ

ii. लेखक ने संसार के किस प्रकार के सुख को दुर्लभ माना है?

क. धूल से सनने को | ख. अखाड़े की मिट्टी को
ग. क व ख दोनों | घ. इनमें से कोई नहीं

iii. मिट्टी की आभा क्या है?

क. धूल | ख. हीरा
ग. सोना | घ. चाँदी

iv. हमारी सभ्यता धूल से क्यों बचना चाहती है?

क. बनावटीपन के कारण | ख. थकान के कारण
ग. बीमारी के कारण | घ. स्वस्थ रहने के कारण

v. अखाड़े की मिट्टी की क्या विशेषता होती है?

क. वह कंकरीली होती है। | ख. वह रेतीली होती है।
ग. वह चमकीली होती है। | घ. वह तेल व मट्ठे से सिझाई हुई होती है।

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. 'धूल' पाठ के आधार पर अखाड़े की मिट्टी की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
ii. 'हीरा वही घन चोट न टूटे' का संदर्भ पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. धूल और मिट्टी के अंतर को पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
ii. लेखक 'बालकृष्ण' के मुँह पर छाई गोधूलि को श्रेष्ठ क्यों मानता है?

**पाठ–दुःख का अधिकार**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

परचून की दुकान पर बैठे लाला जी ने कहा, ''अरे भाई, उनके लिए मरे–जिए का कोई मतलब न हो, पर दूसरे के धर्म–ईमान का तो खयाल करना चाहिए! जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है और वह यहाँ सड़क पर बाज़ार में आकर खरबूज़े बेचने बैठ गई है। हज़ार आदमी आते–जाते हैं। कोई क्या जानता है कि इसके घर में सूतक है। कोई इसके खरबूज़े खा ले तो उसका ईमान–धर्म कैसे रहेगा? क्या अँधेर है!''

i. उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

क. धूल | ख. दुःख का अधिकार
ग. शुक्रतारे के समान | घ. गीत–अगीत

ii. उपरोक्त गद्यांश के पाठ के लेखक का क्या नाम है?

क. रामपाल | ख. यशपाल
ग. प्रेमचंद | घ. अरूण कमल

iii. लाला जी ने क्या कहा?

क. धर्म ईमान का खयाल रखना चाहिए | ख. धर्म ईमान का ख्याल नहीं रखना चाहिए
ग. धर्म ईमान बेचना चाहिए | घ. उपरोक्त सभी

iv. मरने पर कितने दिन का सूतक होता है?

क. दस दिन का | ख. चौदह दिन का
ग. सत्तरह दिन का | घ. तेरह दिन का

v. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) सड़क पर बाज़ार में आकर खरबूजे बेचने बैठ गई।

कारण (R) जवान बेटे के मरने पर तेरह दिन का सूतक होता है।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. लेखक ने समाज की किस कुप्रथा पर व्यंग्य किया है?

क. छन्नी–ककना बिकने की ख. नया कफन ओढ़ाने की

ग. फल की दुकान पर जाने की घ. लेखक की पोशाक की

ii. भगवाना की माँ के सामने कौन–सी समस्या आ खड़ी हुई?

क. परिवार का पेट भरने की ख. खरबूज़े बेचने की

ग. उधार चुकाने की घ. उपर्युक्त सभी

iii. पोशाकें मनुष्य को किस प्रकार बाँटती हैं?

क. विभिन्न जातियों के आधार पर ख. विभिन्न धर्मों के आधार पर

ग. विभिन्न श्रेणियों के आधार पर घ. विभिन्न भाषाओं के आधार पर

iv. लालाजी के अनुसार बुढ़िया के खरबूजे खा लेने पर क्या हो सकता था?

क. उसका पुत्र बच सकता था ख. धर्म–ईमान भ्रष्ट हो जाता

ग. उसके खरबूजे बिक जाते घ. बुढ़िया खुश हो जाती

v. 'सूतक' कितने दिन का होता है?

क. दस दिन का ख. बारह दिन का

ग. तेरह दिन का घ. पन्द्रह दिन का

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. सूतक क्या होता है? उसका दूसरों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

ii. 'शोक करने के लिए भी सहूलियत चाहिए।' इस कथन में कौन–सा व्यंग्य छिपा है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. लेखक भगवाना की माँ की सहायता करना चाहते हुए भी क्यों न कर सके? पाठ के आधार पर लिखिए।

ii. लेखक ने बुढ़िया के दुःख का अंदाज़ा कैसे लगाया?

**पाठ–एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

एवरेस्ट की तरफ़ गौर से देखते हुए, मैंने एक भारी बर्फ़ का बड़ा फूल (प्लूम) देखा, जो पर्वत–शिखर पर लहराता एक ध्वज–सा लग रहा था। मुझे बताया गया कि यह दृश्य शिखर की ऊपरी सतह के आसपास 150 किमी0 या इससे भी अधिक की गति से हवा चलने के कारण बनता था, क्योंकि तेज़ हवा से सूखा बर्फ़ पर्वत पर उड़ता रहता था। बर्फ़ का यह ध्वज 10 किमी0 या इससे भी लंबा हो सकता था। शिखर पर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को दक्षिण–पूर्वी पहाड़ी पर इन

तूफ़ानों को झेलना पड़ता था, विशेषकर खराब मौसम में। यह मुझे डराने के लिए काफ़ी था, फिर भी मैं एवरेस्ट के प्रति विचित्र रूप से आकर्षित थी और इसकी कठिनतम चुनौतियों का सामना करना चाहती थी। जब हम 26 मार्च को पैरिच पहुँचे, हमें हिम–स्खलन के कारण हुई एक शेरपा कुली की मृत्यु का दुःखद समाचार मिला। खुंभु हिमपात पर जाने वाले अभियान–दल के रास्ते के बाईं तरफ़ सीधी पहाड़ी के धसकने से, ल्होत्से की ओर से एक बहुत बड़ी बर्फ़ की चट्टान नीचे खिसक आई थी। सोलह शेरपा कुलियों के दल में से एक की मौत हो गई और चार घायल हो गए थे।

i. एवरेस्ट पर चढ़ते हुए लेखिका ने क्या देखा?

क. देवदार के वृक्ष | ख. बर्फ़ का बड़ा फूल (प्लूम)
ग. गुलाब का फूल | घ. पीपल का वृक्ष

ii. बर्फ़ का बड़ा प्लूम कहाँ बनता है?

क. पेड़ों पर | ख. जमीन पर
ग. आसमान पर | घ. शिखर की ऊपरी सतह के आसपास

iii. शिखर पर जाने वाले व्यक्ति को क्या–क्या झेलना पड़ता था?

क. तूफ़ानों को | ख. बारिश को
ग. आँधी को | घ. धूप को

iv. शेरपा कुलियों के दल में से कितने लोग घायल हो गए थे?

क. तीन लोग | ख. पाँच लोग
ग. चार लोग | घ. सात लोग

v. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) बर्फ का यह ध्वज 10 किलोमीटर या इससे भी लंबा हो सकता था।

कारण (R) यह दृश्य शिखर की ऊपरी सतह के आसपास 150 किलोमीटर अथवा इससे भी अधिक की गति से हवा चलने के कारण बनता था।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाला दल दिल्ली से हवाई जहाज से काठमांडू के लिए कब चल पड़ा था?

क. 7 मार्च को | ख. 5 मार्च को
ग. 10 मार्च को | घ. 8 मार्च को

ii. बचेन्द्री पाल ने सर्वप्रथम एवरेस्ट को कहाँ से देखा था?

क. हवाई जहाज से | ख. बेस कैम्प से
ग. एवरेस्ट के तल से | घ. नमचे बाजार से

iii. तेनजिंग किसके साथ लेखिका के बेस कैम्प में आए थे?

क. पत्नी के साथ | ख. दोस्त के साथ
ग. पुत्री के साथ | घ. इनमें से कोई नहीं

iv. शिखर पर चढ़ने वालो को किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं?

क. खराब मौसम का　　ख. बर्फ के तूफान का

ग. हिमपात का　　घ. उपरोक्त सभी का

v. कर्नल खुल्लर ने लेखिका को क्यों बधाई दी?

क. पर्वत शिखर छूने पर　　ख. अकेले जाने पर

ग. बिना ऑक्सीजन के जाने पर　　घ. उपरोक्त सभी

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. हिमपात किस तरह होता है और उससे क्या–क्या परिवर्तन आते हैं?

ii. लेखिका की सफलता पर कर्नल खुल्लर ने क्या कहकर बधाई दी?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. जीवन में साहस एवं लगन की भूमिका सफलता प्राप्त करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

ii. एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए कुल कितने कैंप बनाए गए? उनका वर्णन कीजिए।

**पाठ–तुम कब जाओगे, अतिथि**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

उस दिन जब तुम आए थे, मेरा हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था। अंदर–ही–अंदर कहीं मेरा बटुआ काँप गया। उसके बावजूद एक स्नेह–भीगी मुसकराहट के साथ मैं तुमसे गले मिला था और मेरी पत्नी ने तुम्हें सादर नमस्ते की थी। तुम्हारे सम्मान में ओ अतिथि, हमने रात के भोजन को एकाएक उच्च–मध्यम वर्ग के डिनर में बदल दिया था। तुम्हें स्मरण होगा कि दो सब्जियों और रायते के अलावा हमने मीठा भी बनाया था। इस सारे उत्साह और लगन के मूल में एक आशा थी कि दूसरे दिन किसी रेल से एक शानदार मेहमानवाजी की छाप अपने हृदय में ले तुम चले जाओगे। हम तुमसे रूकने के लिए आग्रह करेंगे, मगर तुम नहीं मानोगे और एक अच्छे अतिथि की तरह चले जाओगे। पर ऐसा नहीं हुआ! दूसरे दिन भी तुम अपनी अतिथि–सुलभ मुसकान लिए घर में ही बने रहे। हमने अपनी पीड़ा पी ली और प्रसन्न बने रहे। स्वागत–सत्कार के जिस उच्च बिन्दु पर हम तुम्हें ले जा चुके थे, वहाँ से नीचे उतर हमने फिर दोपहर के भोजन को लंच की गरिमा प्रदान की और रात्रि को तुम्हें सिनेमा दिखाया। हमारे सत्कार का यह आखिरी छोर है, जिससे आगे हम किसी के लिए नहीं बढ़े। इसके तुरन्त बाद भावभीनी विदाई का वह भीगा हुआ क्षण आ जाना चाहिए था, जब तुम विदा होते और हम तुम्हें स्टेशन तक छोड़ने जाते। पर तुमने ऐसा नहीं किया।

i. अतिथि के आने से कौन अंदर ही अंदर काँप गया था?

क. हृदय　　ख. पत्नी

ग. मेहमान　　घ. बटुआ

ii. लेखक ने मेहमान के लिए खाने के अलावा और क्या बनाया था?

क. पान　　ख. मीठा

ग. खट्टा　　घ. सूप

iii. लेखक किस भाव में उच्च बिन्दु पर पहुँच गया था?

क. दुख में　　ख. प्रसन्नता में

ग. आत्मसंतोष में　　घ. स्वागत सत्कार में

iv. उत्साह और लगन के मूल में क्या आशा निहित थी?

क. अतिथि के आने की | ख. अच्छे भोजन की
ग. सिनेमा देखने की | घ. अतिथि के जाने की

v. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) स्वागत–सत्कार के उच्च बिन्दु पर लेखक अतिथि को ले जा चुके थे।

कारण (R) रात के भोजन को उन्होनें एकाएक उच्च–मध्यम वर्ग के डिनर में बदल दिया था।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. अतिथि कितने दिनों से लेखक के घर पर रह रहा था?

क. पाँच | ख. चार
ग. तीन | घ. दो

ii. कैलेंडर की तारीखें किस तरह फड़फड़ा रही हैं?

क. नम्रता के साथ | ख. तेजी के साथ
ग. खुशी के साथ | घ. गुस्से के साथ

iii. सत्कार की ऊष्मा समाप्त होने पर क्या हुआ?

क. खिचड़ी खिलाई | ख. चाय पिलाई
ग. दाल पिलाई | घ. पानी पिलाया

iv. लेखक अतिथि को कैसी विदाई देना चाहता था?

क. भाव–भीनी विदाई | ख. रोने वाली विदाई
ग. हँसने वाली विदाई | घ. गुस्से वाली विदाई

v. 'तुम कब जाओगे, अतिथि' नामक पाठ के लेखक कौन हैं?

क. शरद जोशी | ख. प्रेमचंद
ग. यशपाल | घ. स्वामी आनन्द

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. अतिथि को जाने के लिए लेखक ने किस–किस तरह के संकेत दिये?

ii. उपवास रखने की बात लेखक ने क्यों सोची? 'तुम कब जाओगे, अतिथि' पाठ के आधार पर लिखिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. लेखक ने अतिथि को देवता न मानकर राक्षस के समान क्यों माना है? स्पष्ट कीजिए।

ii. कौन–सा आघात अप्रत्याशित था और उसका लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा?

**पाठ– वैज्ञानिक चेतना के वाहक चन्द्रशेखर वेंकट रामन्**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

रामन् सरकारी नौकरी की सुख–सुविधाओं को छोड़ सन् 1917 में कलकत्ता विश्वविद्यालय की नौकरी में आ गए। उनके लिए सरस्वती की साधना सरकारी सुख–सुविधाओं से कहीं अधिक

महत्वपूर्ण थी। कलकत्ता विश्वविद्यालय के शैक्षणिक माहौल में वे अपना पूरा समय अध्ययन, अध्यापन और शोध में बिताने लगे। चार साल बाद यानी सन् 1921 में समुद्र–यात्रा के दौरान जब रामन् के मस्तिष्क में समुद्र के नीले रंग की वजह का सवाल हिलोरें लेने लगा, तो उन्होंने आगे इस दिशा में प्रयोग किए, जिसकी परिणति रामन् प्रभाव की खोज के रूप में हुई।

i. उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
   क. रामविलास शर्मा        ख. धीरंजन मालवे
   ग. प्रेमचन्द        घ. यशपाल

ii. उपरोक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?
   क. दुःख का अधिकार        ख. कीचड़ का काव्य
   ग. अग्निपथ        घ. वैज्ञानिक चेतना के वाहक चन्द्रशेखर वेंकट रामन्

iii. रामन् किस वर्ष विश्वविद्यालय में आए?
   क. 1918        ख. 1919
   ग. 1920        घ. 1917

iv. सन् 1921 में रामन् के मस्तिष्क में क्या सवाल उठा?
   क. समुद्र के नीले रंग का        ख. पानी के नीले रंग का
   ग. आकाश के नीले रंग का        घ. नदी के नीले रंग का

v. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
   कथन (A) रामन् की परिणति रामन् प्रभाव की खोज के रूप में हुई।
   कारण (R) रामन् के मस्तिष्क में समुद्र के नीले रंग की वजह का सवाल हिलोंरे लेने लगा।
   क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
   ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
   ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
   घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. चंद्रशेखर वेंकट रामन् किसे अपना अभिन्न मित्र मानते थे?
   क. भगत सिंह        ख. महात्मा गाँधी
   ग. महाराणा प्रताप        घ. राणा सांगा

ii. प्रकृति प्रेमी रामन् को क्या अच्छा लगता था?
   क. नीले समुद्र को निहारना        ख. टी0वी0 देखना
   ग. दौड़ना        घ. अखबार पढ़ना

iii. रामन् का जन्म कब हुआ था?
   क. 7 नवम्बर 1888        ख. 7 नवम्बर 1787
   ग. 7 नवम्बर 1988        घ. 7 नवम्बर 1788

iv. रामन् का जन्म कहाँ हुआ था?
   क. चेन्नई        ख. कलकत्ता
   ग. तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली        घ. उत्तर प्रदेश

v. रामन् की मृत्यु कब हुई थी?

क. 21 नवम्बर 1970 ख. 23 नवम्बर 1973

ग. 22 नवम्बर 1972 घ. 24 नवम्बर 1971

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. रामन् के प्रारम्भिक शोधकार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है?

ii. रामन् प्रभाव की खोज से विज्ञान के क्षेत्र में कौन–कौन से कार्य संभव हो सके?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. सर चन्द्रशेखर वेंकट रामन् के जीवन से प्राप्त होने वाले संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।

ii. देश को वैज्ञानिक दृष्टि और चिंतन प्रदान करने में सर चंद्रशेखर वेंकट रामन् के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालिए।

**पाठ–कीचड़ का काव्य**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

हम आकाश का वर्णन करते हैं, पृथ्वी का वर्णन करते हैं, जलाशयों का वर्णन करते हैं। पर कीचड़ का वर्णन कभी किसी ने किया है? कीचड़ में पैर डालना कोई पसंद नहीं करता, कीचड़ से शरीर गंदा होता है, कपड़े मैले हो जाते हैं। अपने शरीर पर कीचड़ उड़े यह किसी को भी अच्छा नहीं लगता और इसीलिए कीचड़ के लिए किसी को सहानुभूति नहीं होती। वह सब यथार्थ है। किंतु तटस्थता से सोचें तो हम देखेंगे कि कीचड़ में कुछ कम सौन्दर्य नहीं है। पहले तो यह कि कीचड़ का रंग बहुत सुंदर है। पुस्तकों के गत्तों पर, घरों की दीवारों पर अथवा शरीर पर के कीमती कपड़ों के लिए हम सब कीचड़ के जैसे रंग पसंद करते हैं। कलाभिज्ञ लोगों को भट्टी में पकाए हुए मिट्टी के बरतनों के लिए यही रंग बहुत पसंद है। फोटो लेते समय भी यदि उसमें कीचड़ का, एकाध ठीकरे का रंग आ जाए तो उसे वार्मटोन कहकर विज्ञ लोग खुश–खुश हो जाते हैं। पर लो, कीचड़ का नाम लेते ही सब बिगड़ जाता है। नदी के किनारे जब कीचड़ सूखकर उसके टुकड़े हो जाते है, तब वे कितने सुंदर दिखते हैं। ज़्यादा गरमी से जब उन्हीं टुकड़ों में दरारें पड़ती हैं और वे टेढ़े हो जाते हैं, तब सुखाए हुए खेपरे जैसे दीख पड़ते हैं।

i. हम किसका वर्णन कभी नहीं करते है?

क. आकाश का ख. पृथ्वी का

ग. कीचड़ का घ. जलाशयों का

ii. कीचड़ के लिए किस प्रकार का भाव नहीं होता?

क. सहानुभूति का ख. घृणा का

ग. आश्चर्य का घ. प्रसन्नता का

iii. तटस्थता से सोचने पर कीचड़ का रंग कैसा होता है?

क. लाल ख. नीला

ग. सुंदर घ. असुंदर

iv. भट्टी में पकाए गए मिट्टी के बरतनों के लिए कीचड़ का रंग किसको पसंद है?

क. कवि को ख. कलाभिज्ञ लोगों को

ग. लेखकों को घ. मजदूरों को

v. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) कीचड़ सुखाए हुए खेपरे जैसे दीख पड़ता है।

कारण (R) कीचड़ के टुकड़ों में गरमी से दरारें पड़ती है और वे टेढ़े हो जाते है।

क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. 'पंक' शब्द का क्या अर्थ होता है?

| | |
|---|---|
| क. कमल | ख. कीचड़ |
| ग. जलाशय | घ. शोभा |

ii. किसने कमाल कर दिया था?

| | |
|---|---|
| क. रंग की शोभा ने | ख. पतझर ने |
| ग. वर्षा ऋतु ने | घ. ग्रीष्म ऋतु ने |

iii. बादल किसके जैसे हो गये हैं?

| | |
|---|---|
| क. रूई की पूनी जैसे | ख. बर्फ जैसे |
| ग. घास जैसे | घ. पुष्प जैसे |

iv. कीचड़ से क्या होता है?

| | |
|---|---|
| क. कपड़े मैले होते हैं | ख. रंग काला होता है |
| ग. खेती होती है | घ. चावल उगते हैं |

v. 'पंकज' शब्द का क्या अर्थ है?

| | |
|---|---|
| क. कमल | ख. कीचड़ |
| ग. बादल | घ. पुष्प |

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. कीचड़ के तिरस्कार का मूल कारण क्या है?

ii. खंभात के कीचड़ की क्या विशेषता है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. लेखक ने किन–किन तर्को द्वारा सिद्ध किया है कि कीचड़ को श्रद्धेय मानना चाहिए?

ii. कीचड़ सूखकर किस प्रकार के दृश्य उपस्थित करता है?

**पाठ–शुक्रतारे के समान**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

वाइसराय के नाम जाने वाले गांधीजी के पत्र हमेशा महादेव की लिखावट में जाते थे। उन पत्रों को देख–देखकर दिल्ली और शिमला में बैठे वाइसराय लंबी साँस–उसाँस लेते रहते थे। भले ही उन दिनों ब्रिटिश सल्तनत पर कहीं सूरज न डूबता हो, लेकिन उस सल्तनत के 'छोटे' बादशाह को भी गांधी जी के सेक्रेटरी के समान खुशनवीश (सुंदर अक्षर लिखने वाला लेखक) कहाँ मिलता था? बड़े–बड़े सिविलियन और गवर्नर कहा करते थे कि सारी ब्रिटिश सर्विसों में महादेव के समान अक्षर लिखने वाला कहीं खोजने पर भी मिलता नहीं था। पढ़ने वाले को मंत्रमुग्ध करने वाला शुद्ध और सुंदर लेखन। महादेव के हाथों के लिखे गए लेख, टिप्पणियाँ, पत्र, गांधीजी के व्याख्यान, प्रार्थना–प्रवचन, मुलाकातें, वार्तालापों पर लिखी गई टिप्पणियाँ, सब कुछ फुलस्केप के चौथाई आकारवाली मोटी अभ्यास पुस्तकों में, लंबी लिखावट के साथ, जेट की सी गति से लिखा जाता था। वे 'शार्टहैंड' जानते नहीं थे। बड़े–बड़े देशी–विदेशी राजपुरूष, राजनीतिज्ञ, देश–विदेश के अग्रगण्य समाचार–पत्रों के प्रतिनिधि, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के संचालक, पादरी, ग्रंथकार आदि गांधी

जी से मिलने के लिए आते थे। ये लोग खुद या इनके साथी–संगी भी गांधी जी के साथ बातचीत को 'शॉर्टहैंड' में लिखा करते थे। महादेव एक कोने में बैठे–बैठे अपनी लंबी लिखावट में सारी चर्चा को लिखते रहते थे। मुलाकात के लिए आए हुए लोग अपनी मुकाम पर जाकर सारी बातचीत को टाइप करके जब उसे गांधी जी के पास 'ओके' करवाने के लिए पहुँचते, तो भले ही उनमें कुछ भूलें या कमियाँ–खामियाँ मिल जाएँ, लेकिन महादेव की डायरी में या नोट–बही में मजाल है कि कॉमा मात्र की भी भूल मिल जाए।

i. महादेव की लिखावट में वाइसराय को किसके पत्र जाते थे?
   - क. महादेव के
   - ख. गांधी जी के
   - ग. वाइसराय के
   - घ. बादशाह के

ii. 'सुन्दर अक्षर लिखने वाला' क्या कहा जाता है?
   - क. खुशनवीश
   - ख. सेक्रेटरी
   - ग. बादशाह
   - घ. सिविलियन

iii. महादेव कौन थे?
   - क. सिविलियन
   - ख. संचालक
   - ग. गांधी जी के सेक्रेटरी
   - घ. प्रतिनिधि

iv. निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) महादेव शॉर्टहैंड नहीं जानते थे।

कारण (R) वे अपनी लम्बी लिखावट में सारी चर्चा को लिखते रहते थे।
   - क. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
   - ख. कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
   - ग. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
   - घ. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. महादेव भाई अपना परिचय किस रूप में देते थे?
   - क. पीर–बावर्ची–भिश्ती–खर के रूप में
   - ख. हार्नीमैन के रूप में
   - ग. संपादक के रूप में
   - घ. मित्र के रूप में

ii. महादेव भाई ने गांधी जी की कौन–सी प्रसिद्ध पुस्तक का अनुवाद किया था?
   - क. इंडिया
   - ख. सत्य के प्रयोग
   - ग. नवजीवन
   - घ. सत्यार्थ प्रकाश

iii. अहमदाबाद से कौन–से साप्ताहिक पत्र निकलते थे?
   - क. यंग इंडिया
   - ख. सत्यार्थ प्रकाश
   - ग. नवजीवन
   - घ. क और ग दोनों

iv. गांधी जी ने महादेव को अपना वारिस कब कहा था?
   - क. सन् 1917
   - ख. सन् 1919
   - ग. सन् 1934
   - घ. सन् 1935

v. 'शुक्रतारे के समान' पाठ मूलतः किस भाषा में लिखा गया है?
   - क. गुजराती
   - ख. राजस्थानी
   - ग. हरियाणवी
   - घ. संस्कृत

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. महादेव की तुलना शुक्रतारे से क्यों की गई?

ii. हार्नीमैन कौन थे? उन्हें देश निकाले की सजा क्यों दी गई?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. महादेव भाई की लिखावट की क्या विशेषताएँ थी?

ii. महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाड़ला बना दिया था?

## काव्य खण्ड

### पाठ–रैदास के पद

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. कवि ने गरीब निवाजु किसे कहा है?

क. अमीरों को — ख. ईश्वर को

ग. स्वयं को — घ. माता–पिता को

ii. चकोर पक्षी किसे एकटक देखता रहता है?

क. कवि को — ख. सूरज को

ग. आकाश को — घ. चंद्रमा को

iii. कवि ने अपनी तुलना किस पक्षी से की है?

क. हंस से — ख. चकोर से

ग. कोयल से — घ. सुजान से

iv. पानी में घिसकर किसका रंग निखरता है?

क. चंदन का — ख. सोने का

ग. मोती का — घ. इनमें से कोई नहीं

v. भगवान को पाकर किसका जीवन सफल हो जाता है?

क. गरीबों का — ख. भक्तों का

ग. गोपियों का — घ. पीड़ितों का

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. 'नीचहु ऊच करै' का आशय स्पष्ट कीजिए।

ii. 'रैदास' ने अपने स्वामी को किन–किन नामों से पुकारा है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. कवि रैदास अन्य कवियों, जैसे–नामदेव, कबीर, त्रिलोचन, सधना एवं सैनु की चर्चा क्यों करते हैं?

ii. रैदास की भक्ति – भावना स्पष्ट कीजिए।

### पाठ–रहीम के दोहे

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. रहीम ने प्रेम के बंधन को किसकी तरह कहा है?

क. तार — ख. धागे

ग. डोरी — घ. सूत

ii. धागा टूटने से क्या होता है?

क. रिश्तों में गाँठ पड़ जाती है — ख. रिश्ता मजबूत बनता है

ग. इंसान मर जाता है — घ. इंसान रोता है

iii. मोती, मानुष, चून के संदर्भ में पानी के महत्व को स्पष्ट कीजिए।

क. मोती – चमक, मानुष – इज्जत, चून – पानी

ख. मोती – चमक, मानुष – खाद्य, चून – इज्जत

ग. मोती – इज्जत, मानुष – खाद्य, चून – चमक

घ. मोती – खाद्य, मानुष – चमक, चून – इज्जत

iv. .................. छोटा लग सकता है, लेकिन अर्थ बड़ा होता है।

क. समुद्र ख. दोहा

ग. बैग घ. चश्मा

v. चित्रकूट में कौन रहते हैं?

क. इब्राहिम लोदी ख. अशोका

ग. अवध–नरेस घ. कृष्ण

**लघुत्तरीय प्रश्न**

i. कवि प्रेम रूपी धागा न तोड़ने की बात क्यों कहते हैं?

ii. रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. सुई तथा तलवार के उदाहरण द्वारा कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

ii. मोती, मनुष्य और चून के संदर्भ में पानी का क्या महत्व है?

## पाठ–गीत–अगीत

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. जब शुक गाता है, तो शुकी के हृदय पर क्या प्रभाव पड़ता है?

क. वह बहुत दुःखी होती है ख. प्रेम में सराबोर गीत उसके मन में उमड़ते हैं

ग. वह बहुत रोती है घ. वह गीत नहीं सुनती है

ii. प्रेमी जब गीत गाता है, तब प्रेमिका की क्या इच्छा होती है?

क. वह उसका गीत न सुने ख. उसका प्रेमी आकर उसका साथ दे

ग. वह गीत न गाये घ. उसका प्रेमी चला जाये

iii. गीत–अगीत पाठ के कवि का क्या नाम है?

क. अरूण कमल ख. सियारामशरण गुप्त

ग. रामधारी सिंह दिनकर घ. हरिवंशराय बच्चन

iv. प्रकृति का किसके साथ गहरा रिश्ता है?

क. पशु–पक्षियों के साथ ख. बारिश के साथ

ग. प्रेमिका के साथ घ. प्रेमी के साथ

v. गीत–अगीत कविता में किसके क्रियाकलापों के गीत सुनाई देते हैं?

क. शुक–शुकी ख. कौआ–कोयल

ग. मोर–मोरनी घ. धरती–आकाश

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. गीत–अगीत के केन्द्रीय भाव को अपने शब्दों में लिखिए।

ii. सभी कुछ गीत है, अगीत कुछ नहीं होता। कुछ अगीत भी होता है क्या? स्पष्ट कीजिए।

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. मनुष्य को प्रकृति किस प्रकार आंदोलित करती है? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

ii. कवि 'अगीत' का सम्मान कर क्या कहना चाहता है?

## पाठ–अग्निपथ

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. अग्निपथ पाठ के कवि का क्या नाम है?
   - क. अरूण कमल — ख. हरिवंशराय बच्चन
   - ग. प्रेमचंद — घ. सियारामशरण गुप्त

ii. कवि ने 'अग्निपथ' किसके प्रतीक स्वरूप प्रयोग किया है?
   - क. आग के रास्ते के — ख. मानव जीवन में आने वाली कठिनाइयों के
   - ग. काम के रास्ते — घ. मंजिल

iii. अग्निपथ कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?
   - क. जीवन संघर्षमय है — ख. जीवन सुखों से भरा है
   - ग. जीवन बेकार है — घ. जीवन दुखों से भरा है

iv. अश्रु–स्वेत–रक्त का क्रमशः अर्थ है–
   - क. आँसू, पसीना, खून — ख. खून, पसीना, आँसू
   - ग. पसीना, आँसू, खून — घ. पसीना, खून, आँसू

v. सरस्वती सम्मान व साहित्य अकादमी पुरस्कार से किसे नवाजा गया?
   - क. स्वामी आनंद — ख. अरूण कमल
   - ग. हरिवंश राय बच्चन — घ. रामधारी सिंह दिनकर

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. कवि अग्निपथ पर चलते हुए छाँह माँगने के लिए क्यों मना करता है?

ii. 'माँग मत', 'कर शपथ', 'लथपथ' इन शब्दों का बार–बार प्रयोग कर कवि क्या कहना चाहता है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. 'जीवन संघर्ष का ही नाम है।' इस कथन को अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

ii. वर्तमान सामाजिक परिवेश अग्निपथ की माँग करता है, क्या आप इससे सहमत हैं, क्यों? 'अग्निपथ' कविता के आधार पर तर्क–सम्मत विचार व्यक्त कीजिए।

## पाठ–नए इलाके में ........ खुशबू रचते हैं हाथ ........

**बहुविकल्पीय प्रश्न**

i. नए बसते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है?
   - क. टूटे–फूटे मकान होने के कारण — ख. प्रतिदिन नए–नए मकान बनने के कारण
   - ग. खाली मकान होने के कारण — घ. मकानों के सामने पुराने पेड़ होने के कारण

ii. कवि एक घर पीछे या दो घर आगे क्यों चल देता है?
   - क. परिवर्तन के कारण — ख. खाली जमीन के टुकड़े के कारण
   - ग. पीपल के पेड़ के कारण — घ. याददाश्त कमजोर होने के कारण

iii. जहाँ अगरबत्तियाँ बनती हैं, वहाँ का माहौल कैसा होता है?
   - क. दुर्गंध फैली रहती है — ख. खुशबू फैली रहती है
   - ग. लड़ाई–झगड़े होते रहते हैं — घ. हँसी–ठहाके होते रहते हैं

iv. इस कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

क. सामाजिक विषमता को बेनकाब करना   ख. अमीरी को दर्शाना

ग. गरीबी को दिखाना   घ. बेरोजगारी को दिखाना

v. कविता में कौन–कौन से पुराने निशानों का उल्लेख किया गया है?

क. नीम का पेड़   ख. पेड़, ढहा घर और खाली जमीन का टुकड़ा

ग. टूटी–फूटी सड़क   घ. आम का पेड़

**लघुउत्तरीय प्रश्न**

i. कवि किन बातों से धोखा खा जाता है?

ii. कवि ने इस कविता में 'समय की कमी' की ओर क्यों इशारा किया है?

**निबन्धात्मक प्रश्न**

i. नए इलाके में मनुष्य को किस समस्या का सामना करना पड़ता है?

ii. कवि एक घर पीछे या दो घर आगे क्यों चल देता है?

## संचयन

### पाठ–गिल्लू

**मूल्यपरक प्रश्न**

i. सोनजुही में लगी पीली कली को देख लेखिका के मन में कौन–से विचार उमड़ने लगे?

ii. गिल्लू को मुक्त क्यों और कैसे किया गया? इससे लेखिका की मानवीयता कैसे प्रदर्शित होती है?

iii. गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया?

iv. गिल्लू की किन चेष्टाओं से यह आभास मिलने लगा था कि अब उसका अंत समय समीप है?

v. सोनजुही की लता के नीचे बनी गिल्लू की समाधि से लेखिका के मन में किस विश्वास का जन्म होता है?

### पाठ–स्मृति

**मूल्यपरक प्रश्न**

i. दोनों भाइयों ने मिलकर कुएँ में नीचे उतरने की क्या युक्ति अपनाई?

ii. कभी–कभी दृढ़ संकल्प के साथ तैयार की गई योजना भी प्रभावी नहीं हो पाती है। कुएँ से चिट्ठी निकालने के लिए लेखक द्वारा बनायी गयी पूर्व–योजना क्यों सफल नहीं हुई?

iii. भाई के बुलाने पर घर लौटते समय लेखक के मन में किस बात का डर था?

iv. मक्खनपुर पढ़ने जाने वाली बच्चों की टोली रास्ते में पड़ने वाले कुएँ में ढेला क्यों फेंकती थी?

v. किन कारणों से लेखक ने चिटिठ्यों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया?

### पाठ–कल्लू कुम्हार की उनाकोटी

**मूल्यपरक प्रश्न**

i. पाठ के संदर्भ में उनाकोटी में स्थित गंगावतरण की कथा को अपने शब्दों में लिखिए।

ii. टीलियामुरा कस्बे में लेखक का परिचय किन दो प्रमुख हस्तियों से हुआ? समाज कल्याण के कार्यों में उनका क्या योगदान था?

iii. कल्लू कुम्हार का नाम उनाकोटी से किस प्रकार जुड़ गया?

iv. टीलियामुरा कस्बे में लेखक का परिचय किन दो प्रमुख हस्तियों से हुआ? समाज कल्याण के कार्यों में उनका क्या योगदान था?

v. त्रिपुरा के घरेलू उद्योगों पर प्रकाश डालते हुए अपनी जानकारी के कुछ अन्य घरेलू उद्योगों के विषय में बताइए।

## पाठ–मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय

### मूल्यपरक प्रश्न

i. स्कूल से इनाम में मिली अंग्रेजी की दोनों पुस्तकों ने किस प्रकार लेखक के लिए नई दुनिया के द्वार खोल दिए?

ii. लेखक की पहली पुस्तक खरीदने की घटना का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

iii. लेखक का ऑपरेशन करने से सर्जन क्यों हिचक रहे थे?

iv. 'किताबों वाले कमरे' में रहने के पीछे लेखक के मन में क्या भावना थी?

v. लेखक को किताबें पढ़ने और सहेजने का शौक कैसे लगा?

## व्याकरण

### शब्द और पद

i. शब्द जब वाक्य में प्रयोग किया जाता है तो उसे कहते हैं–

क. पद  ख. वर्ण

ग. पद–परिचय  घ. वाक्य

ii. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

| शब्द | | पद | |
|---|---|---|---|
| 1. | कल | 1. | क्रियाविशेषण |
| 2. | फल | 2. | समुच्चयबोधक |
| 3. | और | 3. | संज्ञा |
| 4. | तुम | 4. | सर्वनाम |

उपर्युक्त युग्मों में कौन–से सही सुमेलित हैं–

क. 1 और 2  ख. 2 और 3

ग. 1 और 4  घ. 2 और 4

iii. 'लोटा, खिड़की, सड़क' शब्द है –

क. तद्भव शब्द  ख. तत्सम शब्द

ग. देशज शब्द  घ. विदेशी शब्द

iv. संस्कृत के ऐसे शब्द जिन्हें हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, कहलाते हैं–

क. तत्सम शब्द  ख. तद्भव शब्द

ग. देशज शब्द  घ. विदेशी शब्द

v. क्या ये मेरे बड़े भाई हैं? उदाहरण है –

क. प्रश्नवाचक सर्वनाम  ख. सम्बन्धवाचक सर्वनाम

ग. निश्चयवाचक सर्वनाम  घ. निजवाचक सर्वनाम

vi. जो शब्द समान अर्थ प्रकट करते हैं उसे कहते हैं–

क. रूढ़ शब्द  ख. यौगिक शब्द

ग. एकार्थी शब्द  घ. पर्यायवाची शब्द

vii. निम्नलिखित में विकारी शब्द होते हैं–

क. क्रिया विशेषण शब्द  ख. संज्ञा शब्द

ग. संबंधबोधक शब्द  घ. विस्मयादिबोधक शब्द

viii. रेखांकित शब्द की पहचान कीजिए –रजिया, प्रिया और सोहन खेल रहे हैं।

क. शब्द | ख. किसी का नाम मात्र

ग. कोई निरर्थक इकाई | घ. पद

**अनुस्वार और अनुनासिक**

i. उचित स्थान पर लगे अनुस्वार वाला शब्द छाँटिए–

क. आंबर | ख. अंबर

ग. कचनं | घ. चदनं

ii. उचित स्थान पर अनुनासिक के प्रयोग वाला शब्द है –

क. भाषाएँ | ख. भाषाएँ

ग. बंधन | घ. सवारनाँ

iii. निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग हुआ है–

क. साँतवा | ख. ध्वनिंया

ग. चीटियाँ | घ. अशँ

iv. 'नाद' शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक लगाकर मानक रूप है –

क. नांद | ख. नाँद

ग. नादं | घ. नँद

v. निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार के उचित प्रयोग वाला शब्द छाँटिए–

क. लंगड़ा | ख. लगंड़ा

ग. लंगंड़ा | घ. लगड़ाँ

vi. निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए –

क. जंगल | ख. जगंल

ग. जगल | घ. जँगल

vii. निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए –

क. मत्रं | ख. दिनाकं

ग. श्रृंगार | घ. प्रसन

viii. निम्नलिखित शब्दों में से उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए –

क. किंतु | ख. रँगीला

ग. हिंसा | घ. नींद

**उपसर्ग और प्रत्यय**

i. उपसर्ग का प्रयोग होता है –

क. शब्द के प्रारम्भ में | ख. शब्द के मध्य में

ग. शब्द के अंत में | घ. इनमें से कोई नहीं

ii. स्वागत में उपसर्ग है –

क. स्व | ख. सु

ग. स्वा | घ. स्वाग

iii. बेइंसाफ में प्रयुक्त उपसर्ग है –

क. बे  ख. इन

ग. बेइ  घ. बेइन

iv. निम्न में से उपसर्ग रहित शब्द है –

क. सुयोग  ख. विदेश

ग. अत्यधिक  घ. सुरेश

v. विज्ञान शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है –

क. विज्ञ  ख. ज्ञान

ग. वि  घ. अन

vi. भुलक्कड़ शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है –

क. भूल  ख. अक्कड़

ग. कड़  घ. ड़

vii. प्रत्यक्ष शब्द प्रयुक्त उपसर्ग है –

क. प्रति  ख. प्र

ग. पर  घ. प्रत

viii. लड़ाई शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है –

क. आई  ख. लड़

ग. ई  घ. अई

**विराम–चिह्न**

i. पूर्णविराम चिह्न का प्रयोग वाक्य में कहाँ पर किया जाता है?

क. प्रारम्भ में  ख. अन्त में

ग. वाक्यों की समाप्ति पर  घ. ख और ग दोनों

ii. जब पूर्णविराम की तुलना में थोड़ी कम अवधि के लिए रूका जाता है, वहाँ कौन–सा चिह्न प्रयोग किया जाता है?

क. अर्धविराम  ख. पूर्णविराम

ग. उपविराम  घ. विस्मयवाचक

iii. (:) चिह्न को क्या कहा जाता है?

क. अल्पविराम  ख. उपविराम

ग. प्रश्नवाचक चिह्न  घ. योजक चिह्न

iv. जब वाक्य में कहाँ, कैसे, क्यों और कब आदि का प्रयोग करते है, तो किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?

क. विस्मयवाचक चिह्न  ख. निर्देशक चिह्न

ग. योजक चिह्न  घ. प्रश्नवाचक चिह्न

v. योजक चिह्न वाले शब्द को छाटिएँ–

क. माता–पिता  ख. डॉ0

ग. श्रम (मेहनत)  घ. आह!

vi. हर्ष, शोक और आश्चर्य की स्थिति में प्रयुक्त होता है –

क. हंसपद　　ख. विस्मयादिबोधक चिन्ह

ग. योजक चिन्ह　　घ. पूर्ण विराम

vii. निम्न में से अल्प विराम का चिन्ह है–

क. ,　　ख. !

ग. :　　घ. ;

viii. मोहन आज घूमने जायेगा। उपयुक्त वाक्य में कौन–सा विराम चिन्ह लगा है?

क. प्रश्नवाचक चिन्ह　　ख. पूर्ण विराम

ग. अर्द्धविराम　　घ. अल्प विराम

**स्वर संधि**

i. स्वर संधि में स्वर के साथ किसका मेल होता है?

क. व्यंजन　　ख. स्वर

ग. वर्ण　　घ. अक्षर

ii. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं?

क. तीन　　ख. दो

ग. चार　　घ. पाँच

iii. संधि का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?

क. मेल　　ख. विच्छेद

ग. संयोग　　घ. परिवर्तन

iv. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए –

| | संधियुक्त शब्द | | संधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सूर्यास्त | 1. | गुण संधि |
| 2. | नरेन्द्र | 2. | यण् संधि |
| 3. | तथैव | 3. | वृद्धि संधि |
| 4. | नयन | 4. | अयादि संधि |

उपर्युक्त युग्मों में कौन–से सही सुमेलित हैं–

क. 1 और 2　　ख. 2 और 3

ग. 3 और 4　　घ. 2 और 4

v. 'मुनीश' शब्द में प्रयुक्त संधि है –

क. स्वर संधि　　ख. गुण संधि

ग. विसर्ग संधि　　घ. व्यंजन संधि

vi. दयानन्द शब्द में प्रयुक्त संधि है–

क. गुण संधि　　ख. दीर्घ संधि

ग. व्यंजन संधि　　घ. यण संधि

vii. कपीश शब्द में प्रयुक्त संधि है –

क. वृद्धि संधि　　ख. दीर्घ संधि

ग. यण संधि　　घ. विसर्ग संधि

viii. सदैव शब्द में प्रयुक्त संधि है –

क. व्यंजन संधि | ख. स्वर संधि
ग. विसर्ग संधि | घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**अर्थ की दृष्टि से वाक्य–भेद**

i. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं?

क. तीन | ख. चार
ग. आठ | घ. पाँच

ii. अर्थ की दृष्टि से कौन–सा वाक्य का भेद नहीं है?

क. विधानवाचक | ख. प्रश्नवाचक
ग. निषेधवाचक | घ. मिश्र वाक्य

iii. जिन वाक्यों से किसी क्रिया के करने या होने की सामान्य सूचना मिलती है वहाँ कौन–सा वाक्य होता है?

क. विधानवाचक | ख. निषेधवाचक
ग. विस्मयादिवाचक | घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं

iv. 'क्या वह कल दिल्ली गया था?' अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए–

क. प्रश्नवाचक वाक्य | ख. विधानवाचक वाक्य
ग. संयुक्त वाक्य | घ. साधारण वाक्य

v. 'सूर्य पूर्व दिशा में नहीं उगता है।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए–

क. निषेधवाचक | ख. संकेतवाचक
ग. संदेहवाचक | घ. विधानवाचक

vi. उद्देश्य के विषय में जो बात की जाती है, उसे कहते हैं–

क. विधेय | ख. पूरक
ग. कर्म | घ. कर्ता

vii. विस्मय आदि भावों को प्रकट करने वाले वाक्य कहलाते हैं–

क. संदेहवाचक | ख. इच्छावाचक
ग. विस्मयावाचक | घ. विधानवाचक

viii. सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| सूची 1 | | सूची 2 | |
|---|---|---|---|
| 1. | यदि परिश्रम करते तो पास हो जाते। | (i) | प्रश्नवाचक वाक्य |
| 2. | चुपचाप बैठ जाओ। | (ii) | संकेतवाचक वाक्य |
| 3. | तुम्हारी पुस्तक कहाँ है? | (iii) | आज्ञावाचक वाक्य |

विकल्प–

क. 1.(i), 2. (ii), 3.(iii) | ख. 1.(i), 2. (iii), 3.(ii)
ग. 1.(iii), 2. (i), 3.(ii) | घ. 1.(ii), 2. (iii), 3.(i)

**अनुच्छेद लेखन**

i. 'भारतीय नारी का राष्ट्र निर्माण में योगदान' विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन लिखिए।

ii. मिट्टी तेरे रूप अनेक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन लिखिए।

iii. लोकतन्त्र विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन लिखिए।

iv. 'दहेज : एक सामाजिक बुराई' विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन लिखिए।

v. वृक्षारोपण विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन लिखिए।

**अनौपचारिक पत्र लेखन**

i. अपनी छात्रावास की दिनचर्या बताते हुए माताजी को लगभग 100 शब्दों में अनौपचारिक पत्र लिखिए।

ii. पशु–पक्षियों का मानव जीवन में महत्व बताकर उनके प्रति क्रूर व्यवहार न करने की हिदायत देते हुए अपने छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में अनौपचारिक पत्र लिखिए।

iii. अपनी सहेली को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर लगभग 100 शब्दों में अनौपचारिक पत्र लिखिए।

iv. योग और व्यायाम का महत्व बताते हुए बड़े भाई की ओर से छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में अनौपचारिक पत्र लिखिए।

v. प्रातःकालीन सैर का वर्णन करते हुए बड़ी बहन की ओर से छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में अनौपचारिक पत्र लिखिए।

**संवाद लेखन**

i. बढ़ती हुई महँगाई के विषय में दो गृहणियों के बीच लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए।

ii. कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण चौदह दिन के एकान्त वास में रहने के बाद दो मित्रों के मध्य होने वाले लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए।

iii. समाज में लड़का और लड़की में व्याप्त भेदभाव के बारे में शीला और गीता के बीच लगभग 100 शब्दों में संवाद लिखिए।


iv. पढ़ने–लिखने में सतीश की रूचि कम होने से चिंतित माँ–बाप के बीच संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

v. परीक्षा के दिनों में रात को बिजली के चले जाने पर माता और पुत्र में होने वाले संवाद को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।


**चित्र वर्णन**

i. चित्र में दिखाई दे रहे दृश्यों का कल्पनाशक्ति से लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए।

(क)



(ख)



(ग)

